तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुनील वैष्णव** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353263989221361	
22/05/26	अपीलार्थी सुनील वैष्णव निवासी बी–45 मॉडल टाउन, स्ट्रीट न. 2, सीएचबी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 05.02.2026 ग्राम इन्दोका तहसील व जिला जोधपुर के खसरा न. 38, 123, 127, 137, 208, 301, 337 परिपत्र क्रमांक प–2(4) राज./4/90/37 दिनांक 13.12.1991 प्रेषित उपशासन सचिव, राजस्व (ग्रुप 6) विभाग–राजस्थान, जयपुर जिला कलक्टर, जोधपुर, इसकी अनुपालना में कार्यालय द्वारा जारी आदेशांक–भू.अ./91/3922 दिनांक 24.12.91 उक्त आदेश द्वारा जमाबन्दी में पुजारी का नाम विलोपित किया गया एवं नोट लगाया गया उपरोक्त आदेशों की 2 सत्य प्रतिलिपि दिलाने हेतु प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.25 05:32:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22407249
M e-Sign